**Agricultural Research Station, Fatehpur, Sikar – 332301, Rajasthan**
**(Sri Karan Narendra Agriculture University, Jobner)**
कृषि अनुसंधान केन्द्र, फतेहपुर, सीकर – 332301, राजस्थान
(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर)

**Dr. Harphool Singh**
*Zonal Director Research*
+91-9414773798
zdr.fatehpur@sknau.ac.in

No. F( )/Farm/ARS/FTR/2026/ 456-60 Date: 30.04.2026

## सीमित–निविदा

कृषि अनुसंधान केन्द्र, फतेहपुर–शेखावाटी पर **बीज की ग्रेडिंग** हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र कार्यालय समय प्रातः 10.00 से 5.00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं या विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.sknau.ac.in या www.sppp.rajasthan.gov.in से भी देख/डाउनलोड कर सकते हैं। निविदा फार्म दिनांक **07.05.2026** को प्रातः 11.00 बजे तक जमा करवाने होगें। प्राप्त निविदाएं दिनांक **07.05.2026** को ही दोपहर 02.00 बजे कमेटी के समक्ष खोली जायेगीं। इस निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान, कृषि अनुसंधान केन्द्र, फतेहपुर को होगा।

क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:**

1. श्रीमान् निदेशक, अनुसंधान निदेशालय, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर।
2. श्रीमान् वित नियंत्रक, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर।
3. प्रभारी सिमका, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर को प्रेषित कर लेख है कि इस निविदा सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.sknau.ac.in पर अनुमोदन करवाना सुनिश्चित कराएँ।
4. समन्वयक, निविदा समिति व निविदा समिति कृषि अनुसंधान केन्द्र, फतेहपुर के सभी सदस्यों को सूचनार्थ।
5. सूचना पट्ट, कृषि अनुसंधान केन्द्र, फतेहपुर।
6. रक्षित पत्रावली, कृषि अनुसंधान केन्द्र, फतेहपुर।

क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान
ZONAL DIRECTOR RESEARCH
(SKN AGRICULTURE UNIVERSITY)
AGRICULTURAL RESEARCH STATION
FATEHPUR-SHEKHAWATI (SIKAR)

**Agricultural Research Station, Fatehpur, Sikar – 332301, Rajasthan**
**(Sri Karan Narendra Agriculture University, Jobner)**
कृषि अनुसंधान केन्द्र, फतेहपुर, सीकर – 332301, राजस्थान
(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर)

## निविदा प्रपत्र

| | |
|---|---|
| 1. कार्य का नाम | बीज की ग्रेडिंग |
| 2. कार्य की अनुमानित अवधि | कार्यादेश की तारीख से एक वर्ष |
| 3. कार्य की अनुमानित राशि | 1.99 लाख रू. |
| 4. कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि | ₹10,000 (रूपये दस हजार) |
| 5. प्रपत्र क्रय करने की दिनांक व समय | 30.04.2026 से 07.05.2026 को प्रातः 11.00 बजे तक |
| 6. प्रपत्र जमा कराने की दिनांक व समय | 07.05.2026 को प्रातः 11.00 बजे तक |
| 7. कार्य का विवरण | बीजों को गोदाम से निकालकर ग्रेडिंग प्लांट पर लाना, ग्रेडिंग करना, ग्रेडिंग किये बीजों को आवश्यकतानुसार 5/10/20/40/ 50 किलोग्राम वजन के कट्टों में भरना, कट्टों पर आवश्यक विवरण लिखने एवं सिलाई करने के उपरान्त बताये गये निर्धारित स्थान पर व्यवस्थित रूप से गिनकर रखना, ग्रेडिंग के दौरान कटे फटे व बारीक दानों एवं अन्य मिश्रित पदार्थों को अलग–अलग बोरियों में भरकर पुनः गोदाम में वजन करवाकर निर्धारित स्थान पर रखने का कार्य। |

**निविदा की शर्तें :**

1. सभी दरें जीएसटी व अन्य करों सहित होनी चाहिए व इस निविदा की पूरे वितीय वर्ष की लागत रू. 2.00 लाख से कम है।
2. निविदादाता अपने मूल पते सहित फोटो युक्त पहचान पत्र, पैन कार्ड व जीएसटी पंजीकरण की सत्यापित छायाप्रति निविदा के साथ संलग्न करें।
3. ग्रेडिंग के दौरान बोरियों को गोदाम से निकालकर ग्रेडिग–प्लांट तक ले जाकर ग्रेडिंग करने के उपरान्त निर्धारित वजन के कट्टों में भरकर सिलाई करने के उपरांत बताये गये गोदाम में व्यवस्थित रूप से गिनकर रखना होगा।
4. कट्टों पर निर्धारित विवरण अंकित करने का कार्य भी निविदादाता को करना होगा।
5. ग्रेडिंग के दौरान निकलने वाले छोटे आकार के दानों, कटे–फटे दानों एवं अन्य मिश्रित पदार्थों को अलग–अलग बोरियों में भरकर पुनः गोदाम में रखना होगा।
6. ग्रेडिंग के दौरान मशीनों को सावधानीपूर्वक उपयोग में लेना होगा। लापरवाही के कारण मशीनों में किसी भी प्रकार की खराबी आती है या नुकसान होता है तो उसका जिम्मेदार निविदादाता स्वयं होगा।
7. बीजों को गोदाम से ग्रेडिग–प्लांट एवं ग्रेडिग–प्लांट से पुनः गोदाम में पहुँचाने हेतु ट्रैक्टर–ट्रोली केन्द्र द्वारा उपलब्ध करवायी जाएगी।
8. ग्रेडिंग कार्य में लगने वाले समस्त श्रमिकों की व्यवस्था निविदादाता को स्वयं करनी होगी।
9. ग्रेडिंग कार्य को सावधानीपूर्वक करना होगा क्योंकि ग्रेडिंग कार्य के दौरान घटित किसी भी प्रकार की दुर्घटना के लिए केन्द्र जिम्मेदार नहीं होंगा।
10. ग्रेडिंग का कार्य संबंधित अधिकारी/प्रभारी के दिशा–निर्देशानुसार ही करना होगा।
11. निविदादाता का बैंक में खाता होना आवश्यक है। निविदादाता को कार्य समाप्ति के उपरान्त कोष कार्यालय से बिल पारित होने के बाद भुगतान चैक/नेफ्ट के माध्यम से किया जायेगा तथा किसी भी प्रकार से नगद भुगतान नही किया जायेगा।



ZONAL DIRECTOR RESEARCH
(SKN AGRICULTURE UNIVERSITY)
AGRICULTURAL RESEARCH STATION
FATEHPUR-SHEKHAWATI (SIKAR)

12. उक्त वर्णित शर्तो के अनुरूप कार्य नहीं करने पर निविदादाता को तत्सम्बन्धित होने वाले भुगतान में से शास्ति के रूप में कटौतियाँ की जा सकेगी। इस संबंध में क्षेत्रिय निदेशक अनुसंधान, कृषि अनुसधांन केन्द्र, फतेहपुर, सीकर का निर्णय अंतिम व मान्य होगा।
13. बिल का भुगतान कोषालय द्वारा बिल पास होने पर किया जावेगा। अग्रिम के रूप में कुछ भी नही दिया जावेगा।
14. निविदादाता के कार्य करने में असफल होने पर उसकी रिस्क एण्ड कोस्ट पर अन्य से कार्य करवाने पर इसकी क्षतिपूर्ति निविदादाता से की जावेगी तथा विलम्ब से कार्य करने पर शास्ति की कटौती GF & AR, RTPPA 2012 व RTPPR 2013 के प्रावधानानुसार की जायेगी, जिसकी जिम्मेदारी निविदादाता की रहेगी।
15. दर्शित कार्य निविदादाता को कार्यालय के निर्देशानुसार पूर्ण कराने है। असफलता की स्थिति में निविदादाता की जमा कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि जब्त करते हुए संस्था द्वारा यह कार्य रिस्क व कोस्ट पर अन्य माध्यम से करा लिया जायेगा। अधिक भुगतान होने की स्थिति में यह राशि निविदादाता से वसूलनीय होगी।
16. निविदादाता के बिल से नियमानुसार आयकर कटौती की जायेगी।
17. उपापन व पारदर्शिता नियमों के अधीन समयावधि वृद्धि संभव हो सकेगी।
18. निविदादाता द्वारा नियोजित श्रमिकों को ई.एस.आई एवं पी.एफ. वर्कमैन कम्पनसेशन एक्ट प्रावधान एवं अन्य टैक्स यथा जीएसटी आदि देय होने पर समस्त उत्तरदायित्व निविदादाता का होगा। ई.एस. आई. एवं पी.एफ. निरीक्षक द्वारा चाहे गये अनुसार समय–समय पर रिकार्ड जॉच हेतु प्रस्तुत करना होगा।
19. आकस्मिक दुर्घटना की दशा/लापरवाही से कार्य करने या कराने की स्थिति में सभी जिम्मेदारियाँ निविदादाता की होगी।
20. निविदा को किसी अन्य व्यक्ति को हस्तांतरित नहीं किया जावेगा।
21. निविदा भरने से पूर्व समस्त शर्तो को ध्यानपूर्वक पढ़े व प्रत्येक पृष्ठ पर अपने हस्ताक्षर करें।
22. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।
23. किसी भी प्रकार के विवाद के निपटारे हेतु विवाद कुलपति, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर (जयपुर) के आर्बीटेशन में प्रस्तुत करना होगा एवं उनका निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा।

मैं निविदा की समस्त शर्तो से सहमत हूँ तथा मैं उपरोक्त शर्तो पर कार्य करने के लिए सहमत हूँ।

**निविदादाता के हस्ताक्षर**

क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान

ZONAL DIRECTOR RESEARCH
(SKN AGRICULTURE UNIVERSITY)
AGRICULTURAL RESEARCH STATION
FATEHPUR-SHEKHAWATI (SIKAR)

**Agricultural Research Station, Fatehpur, Sikar – 332301, Rajasthan**
**(Sri Karan Narendra Agriculture University, Jobner)**
कृषि अनुसंधान केन्द्र, फतेहपुर, सीकर – 332301, राजस्थान
(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर)

वित्तीय प्रपत्र

# वित्तीय निविदा प्रपत्र

| क्र. सं. | विवरण | दर प्रति क्विंटल बीज (₹) (सभी करों सहित) |
|---|---|---|
| 1. | बीजों को गोदाम से निकालकर ग्रेडिंग प्लांट पर लाना, ग्रेडिंग करना, ग्रेडिंग किये बीजों को आवश्यकतानुसार 5/10/20/40/ 50 किलोग्राम वजन के कट्टों में भरना, कट्टों पर आवश्यक विवरण लिखने एवं सिलाई करने के उपरान्त बताये गये निर्धारित स्थान पर व्यवस्थित रूप से गिनकर रखना, ग्रेडिंग के दौरान कटे फटे व बारीक दानों एवं अन्य मिश्रित पदार्थों को अलग–अलग बोरियों में भरकर पुनः गोदाम में वजन करवाकर निर्धारित स्थान पर रखने का कार्य। | |

निविदादाता के हस्ताक्षर

मय पता व मोबाइल नं0 सहित

ZONAL DIRECTOR RESEARCH
(SKN AGRICULTURE UNIVERSITY)
AGRICULTURAL RESEARCH STATION
FATEHPUR-SHEKHAWATI SIKAR